>

Title: Need to set up a Kendriya Vidyalaya in Jamui Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री भूदेव चौधरी (जमुई): माननीय अध्यक्ष जी के माध्यम से माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र जमुई की ओर आकृÂट करते हुए कहना है कि मेरा संसदीय क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है परंतु यहां एक भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं है जिसकी स्थापना अनिवार्य है। विद्यालय भवन हेतु राज्य सरकार ने जमीन चिन्हित भी कर ली है। अतः जनहित एवं बेहतर शिक्षा तथा अपने कोटे के उपयोग हेतु जमुई में एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना करने की कृपा करें जिससे कि आदमी का जनप्रतिनिधि एवं सरकार पर विश्वास बना रहे।